# लोक वित्त

# 05

# लोक वित्त

## मुख्य बिन्दु

- बजट का उद्देश्य ऐसे आर्थिक वातावरण का निर्माण करना होता है जिसमें सामाजिक एवं आर्थिक लक्ष्यों की पूर्ती के लिए संसाधन उपलब्ध हो सके।
- वित्तीय वर्ष 2024–25 में कुल राजस्व प्राप्तियों में पिछले वर्ष की तुलना में 13.07 प्रतिशत वृद्धि अनुमानित है।
- वित्तीय वर्ष 2024–25 के कुल कर राजस्व में पिछले वर्ष की तुलना में 16.61 प्रतिशत वृद्धि अनुमानित है।
- वित्तीय वर्ष 2024–25 में कुल राजस्व प्राप्तियों में कर राजस्व का योगदान 74.42 प्रतिशत अनुमानित है।
- गैर कर राजस्व में प्रमुख योगदान कर भिन्न राजस्व का है। वर्ष 2024–25 के कुल गैर कर राजस्व प्राप्तियों में इसका योगदान 58.07 प्रतिशत अनुमानित है।
- वर्ष 2024–25 में राजस्व प्राप्ति रू. 125900.00 करोड़ एवं राजस्व व्यय रू. 124840.01 करोड़ अनुमानित है। इस प्रकार राजस्व आधिक्य रू. 1059.99 करोड़ दर्शाता है।

**5.1 वार्षिक बजट वर्ष 2024—2025**:— वार्षिक बजट का उददे्श्य ऐसे आर्थिक वातावरण का निर्माण करना होता है, जिसमें सामाजिक आर्थिक लक्ष्यों की पूर्ति के लिये संसाधन उपलब्ध हो सके। बजट मात्र आय एवं व्यय का पत्रक ही नहीं होता वरन यह शासकीय नीतियों का महत्वपूर्ण घोषणा पत्र होता है। बजट वर्ष 2024—25 इस दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत किया गया कि राज्य की विकास आवश्यकताओं एवं अतिरिक्त कर भार के बीच उचित संतुलन बना रहे। वर्ष 2022—23 में राजस्व आधिक्य रू. (+) 8592.10 करोड़ के बावजूद वित्तीय घाटा रू. (—) 4691.22 है, जो वर्ष 2023—24 में रू.(—) 33367.89 करोड़ से कम होकर 2024—25 में रू. (—) 19695.63 करोड़ अनुमानित है। बजट सारांश सारणी में दर्शाया गया हैं।

**सारणी 5.1 – बजट (राशि करोड़ में)**

| स. क्र. | मद | 2022-23 (लेखा) | 2023-24 (पु.अ.) | 2024-25 (ब.अ.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजस्व प्राप्ति | 93877.13 | 111350.00 | 125900.00 |
| 2 | राजस्व व्यय | 85285.03 | 127019.55 | 124840.01 |
| 3 | राजस्व घाटा/आधिक्य | 8592.10 | -15669.55 | 1059.99 |
| 4 | पूंजीगत प्राप्तियॉं | 5640.16 | 36268.08 | 21600.00 |
| 5 | पूंजीगत व्यय | 13320.30 | 21258.99 | 22300.02 |
| 6 | ऋण एवं अग्रिम | 85.86 | 339.35 | 305.60 |
| 7 | कुल प्राप्तियॉं | 99517.29 | 147618.08 | 147500.00 |
| 8 | कुल व्यय | 98691.19 | 148617.89 | 147445.63 |
| 9 | वर्ष के शुद्ध लेन देन | 826.10 | -999.81 | 54.37 |
| 10 | राजकोषीय (वित्तीय) घाटा | -4691.22 | -33367.89 | -19695.63 |


स्रोतः— वित्त सचिव का स्मृति पत्र ; पु.अ.=पुनरीक्षित अनुमान ; ब..अ. =बजट अनुमान

**5.2 राजस्व प्राप्तियाँ**:—मार्च 2024 में प्रस्तुत बजट अनुमान अनुसार वित्तीय वर्ष 2024—25 में कुल राजस्व प्राप्तियाँ रू. 125900.00 करोड़ अनुमानित है। जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 13.07 प्रतिशत वृद्धि अनुमानित है। वित्तीय वर्ष 2024—25 में कर राजस्व रू. 93700.00 करोड़ अनुमानित है, जबकि वर्ष 2023—24 में पुनरीक्षित अनुमान रू. 80350.00 करोड़ अनुमानित रहा, अर्थात कर राजस्व में पिछले वर्ष की तुलना में 16.61 प्रतिशत वृद्धि अनुमानित है। इसी प्रकार गैर—कर राजस्व में 3.87 % वृद्धि अनुमानित है। गैर कर राजस्व वर्ष 2023—24 में पुनरीक्षित अनुमान रू. 31000.00 करोड़ रूपये की तुलना में वर्ष 2024—25 में रू. 32200.00 करोड़ अनुमानित है।

**सारणी 5.2 – राजस्व प्राप्तियॉं (राशि करोड़ में)**

| वर्ष | कर राजस्व | गैर कर राजस्व | कुल राजस्व प्राप्तियॉं |
|---|---|---|---|
| 2022 -23 (लेखा) | 65480.56 | 28396.57 | 93877.13 |
| 2023 -24 (पु.अ.) | 80350.00 | 31000.00 | 111350.00 |
| 2024 - 25(ब.अ.) | 93700.00 | 32200.00 | 125900.00 |

स्रोतः— वित्त सचिव का स्मृति पत्र ; पु.अ.=पुनरीक्षित अनुमान ; ब.अ. = बजट अनुमान





स्रोतः– वित्त सचिव का स्मृति पत्र ; पु.अ.= पुनरीक्षित अनुमान ; ब.अ. = बजट अनुमान

**5.3 कर राजस्वः–** वित्तीय वर्ष 2024–25 में कुल कर राजस्व में 16.61 प्रतिशत वृद्धि अनुमानित है। कर राजस्व में प्रमुख योगदान राज्य का स्वयं का कर राजस्व का है। केन्द्रीय करों के कर राजस्व में 10. 69 प्रतिशत वृद्धि होना अनुमानित है, जबकि राज्य के स्वयं के कर राजस्व में 22.41 प्रतिशत वृद्धि अनुमानित है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में कर राजस्व में राज्य के स्वयं के करों का अंश 53.04 प्रतिशत अनुमानित है, एवं कुल राजस्व प्राप्तियों में कर राजस्व का योगदान 74.42 प्रतिशत अनुमानित है। सारणी में वर्ष 2022–23 से वर्ष 2024–25 तक का कर राजस्व विवरण दर्शाया गया है।

**सारणी 5.3 – कर राजस्व (राशि करोड़ में)**

| वर्ष | राज्य का स्वयं का कर राजस्व | केंद्रीय करों में राज्य का अंश | कुल कर राजस्व | कुल कर में स्वयं के कर राजस्व का प्रतिशत | कुल कर में केन्द्रीय करों का प्रतिशत | वर्षवार प्रतिशत वृद्धि | | पूर्व वर्ष से अंतर | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | स्वयं का कर | केन्द्रीय कर | स्वयं का कर | केन्द्रीय कर |
| 2022.23 (लेखा) | 33122.3 | 32358.26 | 65480.56 | 50.58 | 49.42 | - | - | - | - |
| 2023.24 (पु.अ.) | 40600 | 39750 | 80350 | 50.53 | 49.47 | 22.58 | 22.84 | 7477.7 | 7391.74 |
| 2024.25(ब.अ.) | 49700 | 44000 | 93700 | 53.04 | 46.96 | 22.41 | 10.69 | 9100.00 | 4250.00 |

स्रोतः– वित्त सचिव का स्मृति पत्र ; पु.अ.= पुनरीक्षित अनुमान ; ब.अ. = बजट अनुमान





स्रोतः– वित्त सचिव का स्मृति पत्र ; पु.अ.= पुनरीक्षित अनुमान ; ब.अ. = बजट अनुमान

**5.4 गैर–कर राजस्वः**–गैर–कर राजस्व में प्रमुख योगदान राज्य के गैर कर राजस्व का है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में गैर–कर राजस्व रू. 32200.00 करोड़ अनुमानित है। पिछले दो वर्षों में गैर–कर राजस्व की प्रवृत्ति एवं वर्ष 2024–25 बजट अनुमान नीचे सारणी में दर्शाया गया है।

सारणी 5.4 – गैर कर राजस्व (राशि करोड़ में)

| वर्ष | केंद्रीय सहायता अनुदान | राज्य का गैर कर राजस्व | कुल गैर कर राजस्व | कुल गैर कर राजस्व में केंद्रीय सहायता का प्रतिशत | कुल गैर कर राजस्व में राज्य के गैर कर राजस्व का प्रतिशत | वर्षवार प्रतिशत वृद्धि | | पूर्व वर्ष से अंतर | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | केंद्रीय सहायता | राज्य का गैर कर राजस्व | केंद्रीय सहायता | राज्य का गैर कर राजस्व |
| 2022.23 (लेखा) | 13148.33 | 15248.24 | 28396.57 | 46.30 | 53.70 | - | - | - | - |
| 2023.24 (पु.अ.) | 12600 | 18400 | 31000 | 40.65 | 59.35 | -4.17 | 20.67 | -548.33 | 3151.76 |
| 2024.25(ब.अ.) | 13500 | 18700 | 32200 | 41.93 | 58.07 | 7.14 | 1.63 | 900.00 | 300.00 |





स्रोतः– वित्त सचिव का स्मृति पत्र ; पु.अ.= पुनरीक्षित अनुमान ; ब.अ. = बजट अनुमान

**5.5 राजस्व प्राप्तियाँ एवं व्ययः**—वर्ष 2023—24 पुनरीक्षित अनुमान अनुसार राजस्व व्यय को राजस्व प्राप्तियों से अधिक रखा गया, जो राजस्व घाटा को दर्शाता है। राजस्व प्राप्तियों एवं राजस्व व्यय का पिछलें दो वर्षों का एवं वर्ष 2024—25 के बजट अनुमान विवरण नीचे सारणी में दर्शाया गया है।

**सारणी 5 .5 — राजस्व प्राप्तियाँ एवं व्यय (राशि करोड़ में)**

| वर्ष | राजस्व प्राप्तियॉं | राजस्व व्यय | आधिक्य (+) या घाटा (-) | राजस्व प्राप्तियों से व्यय का प्रतिशत | वर्षवार प्रतिशत वृद्धि | | पूर्व वर्ष से अंतर | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | राजस्व प्राप्तियॉं | राजस्व व्यय | राजस्व प्राप्तियॉं | राजस्व व्यय |
| 2022-23 (लेखा) | 93877.13 | 85285.03 | 8592.10 | 90.85 | - | - | - | - |
| 2023-24 (पु.अ.) | 111350.00 | 127019.55 | -15669.55 | 114.07 | 18.61 | 48.94 | 17472.87 | 41734.52 |
| 2024-25 (ब.अ.) | 125900.00 | 124840.01 | 1059.99 | 99.16 | 13.07 | -1.72 | 14550.00 | -2179.54 |

स्रोतः— वित्त सचिव का स्मृति पत्र ; पु.अ.= पुनरीक्षित अनुमान ; ब.अ. = बजट अनुमान





**5.6 राजस्व व्ययः**— वेतन एवं मजदूरी पर व्यय, पेंशन एवं ब्याज की अदायगी, बाध्यता होने के साथ—साथ राजस्व व्यय के प्रमुख घटक है। राजस्व व्यय का विवरण नीचे चार्ट में दर्शाया गया हैं।

**सारणी 5.6 — राजस्व व्यय (राशि करोड़ में)**

| वर्ष | ब्याज | पेंशन | वेतन एवं भत्ते | मजदूरी | अन्य | कुल राजस्व व्यय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2022-23 (लेखा) | 6382.08 | 7643.77 | 24678.61 | 1185.59 | 45394.98 | 85285.03 |
| 2023-24 (पु.अ.) | 7041.65 | 7135.33 | 30400.92 | 1206.51 | 81235.14 | 127019.55 |
| 2024-25 (ब.अ.) | 7931.01 | 7390.41 | 34955.74 | 1431.20 | 73131.65 | 124840.01 |

स्रोतः— वित्त सचिव का स्मृति पत्र ; पु.अ.=पुनरीक्षित अनुमान ; ब.अ. =बजट अनुमान





स्रोतः– वित्त सचिव का स्मृति पत्र ; पु.अ.= पुनरीक्षित अनुमान ; ब.अ. = बजट अनुमान

**5.7 राजस्व प्राप्तियाँः**–वित्तीय वर्ष 2024–25 में कुल व्यय के 85.39 प्रतिशत भाग की पूर्ति राजस्व प्राप्तियों से होना अनुमानित है, यह भाग 2023–24 के पुनरीक्षित अनुमान में 74.92 प्रतिशत है। राजस्व प्राप्तियों का विस्तृत विवरण सारणी में दर्शाया गया है।

**सारणी 5.7 – राजस्व प्राप्तियॉ (राशि करोड़ में)**

| स.क. | मद | 2022-23 (लेखा) | 2023-24 (पु.अ.) | 2024-25 (ब..अ.) |
|---|---|---|---|---|
| **(1)** | **कर राजस्व** | **65480.56** | **80350.00** | **93700.00** |
| | (i) आय एवं व्यय पर कर | 21442.37 | 25101.29 | 27785.27 |
| | (ii) सम्पत्ति एवं पूंजीगत लेन देनों पर कर | 3097.20 | 3699.67 | 3999.63 |
| | (iii) वस्तुओं एवं सेवाओं पर कर | 40940.99 | 51549.04 | 61915.10 |
| **(2)** | **गैर कर राजस्व** | **28396.57** | **31000.00** | **32200.00** |
| | (i) राज्य का गैर कर राजस्व | 15248.24 | 18400.00 | 18700.00 |
| | (ii) केंद्र से सहायता अनुदान | 13148.33 | 12600.00 | 13500.00 |
| **कुल (1+2)** | | **93877.13** | **111350.00** | **125900.00** |

स्रोतः– वित्त सचिव का स्मृति पत्र ; पु.अ.= पुनरीक्षित अनुमान ; ब.अ. = बजट अनुमान




स्रोतः– वित्त सचिव का स्मृति पत्र ; पु.अ.= पुनरीक्षित अनुमान ; ब.अ. = बजट अनुमान

**5.8 राज्य की वित्तीय स्थिति**—राज्य की वित्तीय स्थिति एवं वित्तीय संसाधनों की वृद्धि का विवरण सारणी 5.8 में दर्शाया गया है:—

**सारणी 5.8 – राज्य की वित्तीय स्थिति (राशि करोड़ में)**

| क्र. | मद | 2022-23 (लेखा) | 2023-24 (पु.अ.) | 2024-25 (ब..अ.) |
|---|---|---|---|---|
| **I** | **राजस्व प्राप्तियां** | **93877.13** | **111350** | **125900** |
| क. | राज्य का राजस्व | 48370.54 | 59000 | 68400 |
| -1 | कर राजस्व | 33122.3 | 40600 | 49700 |
| -2 | कर भिन्न राजस्व | 15248.24 | 18400 | 18700 |
| ख. | केन्द्र से प्राप्तियां | **45506.59** | **52350** | **57500** |
| -3 | केन्द्रीय करों में राज्य का हिस्सा | 32358.26 | 39750 | 44000 |
| -4 | सहायक अनुदान | 13148.33 | 12600 | 13500 |
| **II** | **पूंजीगत प्राप्तियां** | **5640.16** | **36268.08** | **21600** |
| -5 | उधार एवं अग्रिम की वसूली | 117.24 | 200 | 150 |
| -6 | विविध पूंजीगत प्राप्तियां | 5.6 | 0 | 0 |
| -7 | शुद्ध लोक ऋण | 1038.02 | 32368.08 | 19750 |
| -8 | लोक लेखों से शुद्ध प्राप्तियां | 4479.3 | 3700 | 1700 |
| **III** | **कुल प्राप्तियां (I +II)** | **99517.29** | **147618.08** | **147500** |
| **IV** | **कुल व्यय** | **98691.19** | **148617.89** | **147445.63** |
| -9 | राजस्व व्यय | 85285.03 | 127019.55 | 124840.01 |
| -10 | पंजीगत व्यय | 13320.3 | 21258.99 | 22300.02 |
| -11 | ऋण एवं अग्रिम | 85.86 | 339.35 | 305.60 |
| **V** | **पुनर्प्राप्तियाँ एवं ऋण अदायगी** | **11721.81** | **10995.73** | **13122.44** |
| **VI** | **कुल विनियोग** | **110413** | **159613.62** | **160568.07** |
| **VII** | **ब्याज भुगतान (राजस्व व्यय में सम्मिलित)** | **6382.08** | **7038.38** | **7851.01** |
| **VIII** | **राजस्व आधिक्य/घाटा** | **8592.10** | **-15669.55** | **1059.99** |
| **IX** | **राजकोषीय (वित्तीय) घाटा** | **-4691.22** | **-33367.89** | **-19695.63** |
| **X** | **प्राथमिक घाटा** | **1690.86** | **-26329.51** | **-11844.62** |

स्रोतः– वित्त सचिव का स्मृति पत्र ; पु.अ.= पुनरीक्षित अनुमान ; ब.अ. = बजट अनुमान

सारणी 5.9 – राज्य के राजकोषीय सूचक

| क्र. | राजकोषीय सूचक | 2022-23 (लेखा) | 2023-24 (पु.अ.) | 2024-25 (ब..अ.) |
|---|---|---|---|---|
| I | **प्राप्तियां** | | | |
| (i) | राजस्व प्राप्तियां/कुल प्राप्तियां (%) | 94.33 | 75.43 | 85.36 |
| (ii) | पूजीगत प्राप्तियां /कुल प्राप्तियां (%) | 5.67 | 24.57 | 14.64 |
| (iii) | राज्य के स्वयं का राजस्व प्राप्तियां/राजस्व प्राप्तियां (%) | 51.53 | 52.99 | 54.33 |
| (iv) | केन्द्र से प्राप्तियां/राजस्व प्राप्तियां (%) | 48.47 | 47.01 | 45.67 |
| (v) | राज्य के स्वयं का कर राजस्व/राज्य के स्वयं का राजस्व (%) | 68.48 | 68.81 | 72.66 |
| (vi) | राज्य के स्वयं का गैर कर राजस्व/राज्य के स्वयं का राजस्व (%) | 31.52 | 31.19 | 27.34 |
| (vii) | केन्द्रीय करों में राज्य का हिस्सा/केन्द्र से प्राप्तियां (%) | 71.11 | 75.93 | 76.52 |
| (viii) | सहायक अनुदान/केन्द्र से प्राप्तियां (%) | 28.89 | 24.07 | 23.48 |
| II | **व्यय** | | | |
| (i) | राजस्व व्यय/कुल व्यय % | 86.42 | 85.47 | 84.67 |
| (ii) | पूँजीगत व्यय/कुल व्यय % | 13.5 | 14.3 | 15.12 |
| (iii) | ऋण और अग्रिम/कुल व्यय % | 0.09 | 0.23 | 0.21 |
| | | | | |
| III | **व्यय/प्राप्तियां** | | | |
| (i) | राजस्व व्यय/राजस्व प्राप्तियां % | 90.85 | 114.07 | 99.16 |
| (ii) | कुल व्यय/कुल प्राप्तियां % | 99.17 | 100.68 | 99.96 |
| (iii) | ब्याज भुगतान/राजस्व प्राप्तियां % | 6.8 | 6.32 | 6.24 |

स्रोतः– वित्त सचिव का स्मृति पत्र ; पु.अ.= पुनरीक्षित अनुमान ; ब.अ. = बजट अनुमान